महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष/Phone: 0151-2970177 ईमेल/E-mail: registrar@mgsubikaner.ac.in

दिनांक : 26–12–2018

सादर प्रकाशनार्थ

परीक्षा 2019 के लिए परीक्षा फार्म भरने का अंतिम अवसर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की मुख्य परीक्षा 2019 में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा फार्म भरने से वंचित अभ्यर्थियों को तीन गुणा परीक्षा शुल्क सहित दिनांक 27–12–2018 से 31–12–2018 तक ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. जे.एस. खीचड़ ने बताया कि सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में परीक्षा फार्म भरने से वंचित अभ्यर्थी दिनांक 31–12–2018 तक तीन गुणा परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरकर फार्म की हार्ड प्रति दिनांक 02–01–2019 तक सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करा सकेंगे। मुख्य परीक्षा 2019 के लिए अभी तक 3.83 लाख परीक्षा फार्म भरे जा चुके है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा माह जनवरी, 2019 में प्रायोगिक परीक्षा एवं माह फरवरी, 2019 में मुख्य परीक्षा आयोजित कराने की तैयारियां की जा रही है।

परीक्षा नियंत्रक